तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 भीषण गर्मी में डेढ़ महीने से पेयजल समस्या से जूझ रहे रामानुजगंज के लोग



**प्रवेश सूचना**

BMLT (3 years) | DMLT (2 years) | DXRT (2 years) | O.T. (1 years) | D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक

साधना इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

अम्बिकापुर 7440435000

रायपुर 7440434000




## खबर संक्षेप

### खेल एवं युवा कल्याण विभाग का समर कैंप आज से

**अंबिकापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। खेल अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा 15 मई से 4 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 8 से 17 वर्ष तक के बालक बालिकाएं शामिल हो सकते है। समर कैंप में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, हैंड बॉल, टेबल टेनिस, कराटे, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, चेस व एथलेटिक्स की गतिविधियां बच्चों के बीच कराई जाएंगी। समर कैंप में बच्चों को खेल विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एसजीजीयू ने जारी किया 18 पाठ्यक्रमों का परिणाम

**अम्बिकापुर।** अभी एसजीजीयू की परीक्षाएं समाप्त नहीं हुई है लेकिन विवि प्रबंधन परीक्षा परिणामों की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है। मंगलवार को एसजीजीयू विवि प्रबंधन विभिन्न 18 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिन पाठ्यक्रमों का परिणाम घोषित किया गया है उनमें बीबीए द्वतीय, बीएससी होम साइंस द्वतीय एवं तृतीय, पीजीडीबीएम, शास्त्री द्वतीय, आचार्य नव्य व्याकरण द्वतीय, एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर, बीबीए प्रथम, बीबीए द्वतीय एवं आचार्य साहित्यम शामिल है। इन सभी पाठ्यक्रमों में परीक्षार्थियों की संख्या काफी कम है फिर भी परीक्षा पूर्ण होने के पूर्व परीक्षा परिणाम जारी करना विवि प्रबंधन की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके पूर्व विवि हर साल काफी विलम्ब से परीक्षा परिणाम घोषित करता था जिसके कारण आए दिन अधिकारियों को विद्यार्थियों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सभी पाठ्यक्रमों का परिणाम उत्कृष्ट रहा।

### करोड़ो के लेनदेन के मिले सबूत

# स्काई एक्सचेंज का लिंक भेजकर खिला रहे थे सट्टा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 19 मोबाइल फोन, 21 एटीएम कार्ड समेत नगद व अन्य दस्तावेज जब्त

सरगुजा में आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले बड़े गिरोह को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने शहर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो स्काई एक्सचेंज नामक लिंक भेजकर लोगों को सट्टा खिलवा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 नग मोबाइल फोन, 20 हजार से अधिक नगद, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों के तार बाहर के बड़े गिरोह से जुड़े हुए है और ये लोगों को लिंक भेजकर सट्टा खिलाने के साथ ही साथ लेनदेन करते थे। पुलिस को जब्त किए गए मोबाइल फोन से करोड़ो रूपये के लेनदेन के सबूत मिले है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है जिसके बाद गिरोह के अन्य सरगना तक भी पहुंचने का काम किया जाएगा। आज इस मामले का खुलासा कोतवाली थाने में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने किया है। बता दें कि आईपीएल मैच शुरू होने के साथ ही सरगुजा में सट्टा लगाने का कारोबार शुरू हो जाता है। बुकी लोगों को हर मैच का लिंक भेजकर सट्टा खिलवाते है और इस दौरान हर मैच में करोड़ो रूपये का दांव लगता है। शहर में भी आईपीएल मैच के दौरान सट्टा कारोबार को लेकर लगातार पुलिस को सूचना मिल रही थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मुखबिर के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 13 मई को कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि सत्तीपारा में तीन सटोरी आयुष सिन्हा, अमित मिश्रा व शुभम केशरी लोगों को स्काई एक्सचेंज का लिंक भेजकर गुजरात टाइटंस व कोलकाता किंग राइडर्स के बीच चल रहे आईपीएल मैच मेज सट्टा खेलने व खिलाने के काम कर रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर सत्तीपारा शिव मंदिर रोड निवासी 30 वर्षीय आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा, 30 वर्षीय अमित मिश्रा उर्फ पहलू, 28 वर्षीय शुभम केसरी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ने आरोपियों ने आपस में मिलकर स्काई एक्सचेंज का लिंक भेजकर आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने की बात कबूल की है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना से एसआई अखिलेश सिंह, सउनि अभिषेक पाण्डेय, अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, मंटू गुप्ता, रिंकू गुप्ता शिव राजवाड़े शामिल रहे।



मामले का खुलासा करते एएसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**बड़े गिरोह से जुड़े है तार**

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जब आरोपी अमित मिश्रा उर्फ पहलू के आई फोन की जांच की तो उसके वाट्सअप एप में किए गए चैट, फोन पे एप से लेनदेन की जानकारी निकलकर सामने आई और सट्टा खिलवाने की पुष्टि हुई। वहीं आयुष सिन्हा से सट्टा खेलने व खिलाने वालों द्वारा दिए गए एटीएम कार्ड, शुभम केसरी से हार जीत का लेखा जोखा रखने से संबंधित सट्टा खेलने वालों के पासबुक, चेकबुक, मोबाइल फोन सहित साक्ष्य मिले। पुलिस ने आरोपियों से 19 नग मोबाइल फोन, 3 नग पासबुक, 2 नग चेकबुक, 21 नग एटीएम कार्ड, 20 हजार 100 रुपए नगद बरामद किया गया। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई है कि आरोपियों के तार किसी बड़े गिरोह से जुड़े हुए है। आरोपी सट्टा खिलाने के साथ ही लोगों से नगद व ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर लेनदेन करते थे। पुलिस के अनुसार आयुष सिन्हा के खिलाफ पूर्व में भी सट्टा खिलाने के मामले दर्ज है।

**स्काई एक्सचेंज के एजेंट कर रहे काम**

पुलिस द्वारा इस आईपीएल सीजन में अब तक दो कार्रवाई की गई है। इसके पहले भी पुलिस ने एक महिला व युवक को पकड़ा था जिनके द्वारा स्काई एक्सचेंज के माध्यम से सट्टा खिलाने का काम किया जाता था वहीं वर्तमान में पकड़े गए आरोपी भी स्काई एक्सचेंज के नाम से ही लिंक भेजकर सट्टा खिला रहे है। ऐसे में कहा जा रहा है कि स्काई एक्सचेंज नामक सट्टा गिरोह सरगुजा में अपनी पैठ जमा चुका है और उसके लिए कई एजेंट काम कर रहे है। इस मामले में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो का कहना है कि आरोपियों के बैंक अकाउंट को सीज किया जा रहा है और गिरोह के मुख्य सरगना तक पहुंचने की दिशा में काम किया जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# रास्ता रोककर बाइक व नकद लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

रास्ता रोककर मारपीट करने व नगद व बाइक लूटने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों से लुटे गए 35 सौ रुपए व बाइक बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम आसनडीह निवासी 26 वर्षीय राजकमल गुर्जर आ. कमलेश गुर्जर 13 मई की रात लगभग साढ़े आठ बजे अपने घर की ओर जा रहा था। इस दोरुआन ग्राम जोगियानी मुख्य मार्ग पर कांग्रेस पाल व भोला पाल ने उसकी बाइक को लाठी अड़ाकर रुकवा लिया और उसके साथ मारपीट करने के बाद 35 सौ रुपए नगद व बाइक क्रमांक सीजी 30 ई 0805 को लूट लिया। युवक द्वारा घटना की शिकायत बलंगी पुलिस से की गई थी जिसके बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान ग्राम जोगियानी निवासी 22 वर्षीय कांग्रेस पाल आ. ऋचक पाल, 22 वर्षीय सुन्दर पाल उर्फ भोला पाल आ. केशव पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के 35 सौ रुपए नगद, बाइक व घटना में प्रयुक्त बांस की लाठी को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को धारा 341, 294, 394, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बलंगी विजय दुबे, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, प्रबोध मिंज, सुमन केरकेटटा, ठाकुर राम, अनुदीप लकड़ा, मानसाय सरोता, महिला आरक्षक गोदावरी राही एवं सैनिक सुदर्शन यादव शामिल रहे।

### दो दिन पहले मारपीट की शिकायत दर्ज कराने से थे नाराज, चाकूबाजी से घायल युवक की हालत गंभीर

# गांव की पुरानी रंजिश में दर्जनभर लोगों ने किया चाकू-हथौड़ा से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर हथियार से लैस एक दर्जन से अधिक लोगों ने जमकर खूनी खेल खेला। एक दिन पूर्व की गई मारपीट के बाद थाने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सुलह करने के बहाने से बुलाकर आरोपियों ने परिवार पर चाकू, हथौड़ी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। पूरी घटना आईजी बंगला के समीप हुई। घटना के दौरान दहशत में आया परिवार अपनी जान बचाने के लिए पेट्रोल पंप में घुसा तो आरोपियों ने पेट्रोल पंप के अंदर घुसकर युवकों पर चाकू से हमला किया। चाकू बाजी की पूरी घटना पेट्रोल पम्प के सीसीटीवी में कैद हो गई। इस मामले में अब शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार मिशन हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि बिहार के औरंगाबाद बसडीहा गोपाल कुटुंबा निवासी चुनमुन शर्मा का परिवार वर्तमान में केदारपुर मल्होत्रा गली किराए के मकान में रहकर कारपेंटर का काम करना है। 12 मई को परिवार के सदस्य संटू शर्मा आ. नंदू शर्मा को कारपेंटर का करने के लिए सुभाष नगर में बुलाया गया था जहां पहले से बिहार औरंगाबाद बसडीहा गोपाल कुटुम्बा निवासी संतोष शर्मा, मनीष शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे और गांव की पुरानी रंजिश को लेकर उन्होंने संटू शर्मा की बेदम पिटाई कर दी थी। इसी मामले में संटू शर्मा द्वारा गांधीनगर थाने में शिकायत की गई थी। आरोप है कि 13 मई की रात अरविन्द शर्मा ने संटू शर्मा को एफआईआर कराने के लिए गाली गलौज करने के साथ ही बंगाली चौक के समीप समझौते के लिए बुलाया गया था। ऐसे में चुनमुन शर्मा, संटू शर्मा, विकास शर्मा, नीरज शर्मा व चचेरा भाई सोनू शर्मा के साथ बंगाली चौक पहुंचा जहां संतोष शर्मा, अरविंद शर्मा, पप्पू शर्मा, मनीष शर्मा सहित 10 से 15 लोग मौजूद थे। इसी दौरान संतोष शर्मा, अरविन्द शर्मा, पप्पू शर्मा व अन्य लोगों ने अचानक ही उनपर हमला कर दिया। आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू, हथौड़ी व अन्य हथियारों से संटू शर्मा के परिवार पर हमला किया। आरोपियों ने उनपर लगातार चाकू से कई वार किए। इस दौरान जब युवक अपनी जान बचाने के लिए भागकर पेट्रोल पंप के अंदर छिप गए तो आरोपी वहां भी पहुंच गए और सभी भाइयों को बारी बारी से पकड़कर चाकू से गोद दिया। चाकूबाजी की घटना में विकास शर्मा के पेट में गंभीर चोट आई है जबकि नीजर शर्मा के माथा व आंख में, संटू शर्मा के सिर पर, सोनू शर्मा के गर्दन में गंभीर चोट आई है। चुनमुन शर्मा को भी अंदरूनी चोट आई। है घायलों का उपचार मिशन हॉस्पिटल में जारी है। जिनमें से विकास की हालत गंभीर बताई जा रही है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

देर रात पेट्रोल पंप के समीप हुई चाकूबाजी की घटना शिकायत चुनमुन शर्मा द्वारा थाने में की गई थी। शिकायत के बाद मामले गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर बिहार औरंगाबाद बसडीहा गोपाल कुटुम्बा निवासी 26 वर्षीय संतोष शर्मा, 20 वर्षीय अरविन्द शर्मा, 22 वर्षीय पप्पू शर्मा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी शहर के संजय पार्क के पास किराए के मकान में रहते है। इसके साथ ही घटना में शामिल अन्य आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे है जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 294, 506, 323, 307 एवं 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू व हथौड़ा बरामद कर लिया है। कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई अखिलेश सिंह, सउनि अजीत मिश्रा, आभाष मिंज, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## बहनों के साथ खेलने के दौरान डबरी में डूबने से मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम पंचायत भवरमाल में एक हृदय विदारक घटना में 2 वर्षीय मासूम की घर के सामने ही बने डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि जो बालक कुछ देर पहले अपनी बहनों के साथ खेल रहा था उसकी डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 9.30 बजे शिवांशु बखला आ. भावेश बखला (2 वर्ष) अपने चार बहनों के साथ घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच वह खेलते खेलते घर के सामने डबरी की ओर चला गया जहां डबरी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह कुछ देर तक घर में नहीं आया तो परिजन ढूंढने लगे और डबरी में जाकर देखा तो वह डुबा था। चार बहनों के बाद शिवांशु इकलौता पुत्र था। शिवांशु के अचानक मौत हो जाने से परिवार के लोगों के साथ गांव में शौक की लहर दौड़ गई। डबरी में दो से तीन फीट ही पानी था। संभव पैर फिसल जाने से डबरी में गिर गया और बाहर नहीं निकल पाने से उसकी मौत हो गई।



**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**

**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग [illegible] | पोस्ट डिप्लोमा इन [illegible] टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| [illegible] | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप करवाकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीदवारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. [illegible] के माध्यम से शैक्षणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावे में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10.06.2024 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 15.06.2024 तक।

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, [illegible] बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग - अनु.जाति [ ] अनु.जनजाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ व्हाट्सएप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

# रिंग रोड व मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने चलाया जाएगा संयुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नगर निगम, परिवहन विभाग व ट्रांसपोर्ट संघ के साथ की गई बैठक

शहर के रिंग रोड व मुख्य मार्गों पर भारी व मालवाहक वाहनों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर आज पुलिस प्रशासन द्वारा नगर निगम, परिवहन विभाग व ट्रांसपोर्ट यूनियन की बैठक ली गई। इस दौरान रिंग रोड को भारी मालवाहक वाहनों के अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए संयुक्त अभियान चलाने पर सहमति बनाई गई। बता दें कि शहर के रिंग रोड व मुख्य मार्गों पर बेतरतीब ढंग से भारी मालवाहक वाहनों द्वारा पार्किंग किए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों को जब्त करने के साथ ही चालकों को गिरफ्तार किया जा रहा है जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो द्वारा नगर निगम, परिवहन विभाग, जिला ट्रांसपोर्ट यूनियन की बैठक ली गई। बैठक में रिंग रोड किनारे खड़े वाहनों को अन्यत्र हटाए जाने पर चर्चा की गई। वहीं बैठक में आकाशवाणी चौक, गांधी चौक भारतमाता चौक, अम्बेडकर चौक से ऑटो, ई रिक्शा चालकों एवं टेक्सी वाहन चालकों द्वारा अवैध रूप से स्टैंड बनाकर अतिक्रमण किए जाने को लेकर कार्रवाई करने व यातायात व्यवस्था बनाने की सहमति बनाई गई। ऑटो व ई रिक्शा चालकों को निर्धारित ऑटो स्टैंड में अपने वाहनों को खड़ा करने की समझाइस दी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आकाशवाणी चौक, बिलासपुर चौक, चांदनी चौक रिंग रोड पर सब्जी बाजार को हटाने के निर्देश दिए गए। शासकीय एवं निजी अस्पतालों के सामने अवैध रूप से संचालित ठेला गुमटियों को हटाने व अस्पतालों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। वहीं शहर के अंदर मुख्य मार्गों पर वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वालों पर चर्चा की गई और नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शहर के रिंग रोड में मौजूद गैरेज, टायर दुकान, पंचर दुकान व अन्य दुकानों को अन्यत्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में आवारा पशुओं को लेकर भी चर्चा की गई और आवारा पशुओं को रिंग रोड व मुख्य मार्गों से हटाने पर सहमति जताई गई। भारत माता चौक के समीप के अमानक ब्रेकर को भी हटाया जाएगा। इस दौरान सीएसपी रोहित शाह, एसडीओपी अमित पटेल, प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी, परिवहन अधिकारी अम्बिकापुर अनुपम पटेल, यातायात प्रभारी विजय कैर्वत्य, नगर निगम से विजय कुजूर, जिला ट्रांसपोर्ट संघ के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी अरुण सिंह, धीरज सिंह, अश्वानंद यादव, संजय केशरी एवं अन्य सदस्य शामिल रहे।



### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 को

**अम्बिकापुर।** एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिला स्तर पर विभिन्न विकास खंडों में आयोजित है। ऑनलाईन फार्म भरने वाले सभी पात्र परीक्षार्थी विभागीय वेसाइट पर विद्यार्थी का आवेदन क्रमांक व विद्यार्थी के पिता का मोबाईल नम्बर अंकित कर ऑनलाईन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### लिंक कोर्ट जशपुर में अब सुनवाई 24 को

**अम्बिकापुर।** न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग के लिंक कोर्ट न्यायालय जशपुर में 17 मई को नियत प्रकरणों की सुनवाई अपरिहार्य कारणों से बढ़ाई जाकर उपरोक्त प्रकरणों की सुनवाई अब आगामी पेशी तिथि 24 मई को पूर्व की भांति लिंक कोर्ट न्यायालय जशपुर में की जाएगी।



## राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

लाइफ Style



# ऋचा

## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।

खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी था। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।

हॉलीवुड मसाला



## मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



## लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



## 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



## जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

टीवी मसाला

## 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी

**नई दिल्ली।** 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं।



अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब



शुरू होगा। पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।

## ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

**मुंबई।** दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3'



पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



## हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

**नई दिल्ली।** 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

### ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

*मुंबई। हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

### भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।



### इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

### ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में नवोदय विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** सीबीएसई 10वीं एव 12वीं के बोर्ड परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय खलिबा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 12वीं की परीक्षा में कुल 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। अंजली सोनी ने 94.4 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम अखिलेश सोनी ने 90.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वतीय तथा 89.2 प्रतिशत अंक के साथ अभय अम्बष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बोर्ड में कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा में 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का प्राप्तांक 75 प्रतिशत से अधिक रहा। रिया दिव्या 97 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम, सेशांत पटेल 96.6 फीसदी अंक पाकर द्वतीय, 95.6 प्रतिशत अंक के साथ सत्यम अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

### सृजन इंस्टिट्यूट के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** सृजन इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान की






प्राची साहू ने 10वीं में 92.5 फीसदी, अंशिका लकड़ा 85.5 फीसदी, दिव्यांश 89.4 फीसदी, अथर्व पाण्डेय 84.6 फीसदी एवं कक्षा 12वीं में एंजेल खाखा 84 फीसदी, तनुश्री तिवारी 83 फीसदी आदित्य सिंह ने 81 फीसदी अंक प्राप्त किया है। सृजन इंस्टिट्यूट प्रत्येक वर्ष नीट तथा जेईई परीक्षा में सर्वाधिक सिलेक्शन देता है जिसका कारण अनुभवी शिक्षकों की स्थाई टीम तथा कोटा से उपलब्ध टेसट सीरीज और स्टडी मटेरियल है।

### प्रिया ने 12वी बोर्ड हासिल किए 92.6 प्रतिशत अंक

**सीतापुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा



परिणाम में प्रिया चतुर्वेदी ने नगर का नाम रोशन किया है। केन मेमोरियल स्कूल सुर की 12 वीं की छात्रा प्रिया ने कॉमर्स विषय में 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए है। प्रिया की छोटी बहन प्राची ने भी कक्षा 10वी बोर्ड की परीक्षा अच्छे अंकों से उतीर्ण की थी। दोनों शिक्षक एवं कवि प्रशांत चतुर्वेदी की बेटियां है। प्रिया भविष्य में आईएएस बनना चाहती है।

### ईशा सोनी ने 10वी बोर्ड में हासिल किए 93 प्रतिशत अंक

**सीतापुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा



परिणाम में ईशा सोनी ने नगर का नाम रोशन किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय अंबिकापुर की छात्रा ईशा ने कक्षा 10वी में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए है। ईशा प्रधानपाठक श्रीमती रचना सोनी एवं अनंतदेव सोनी की सुपुत्री है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है।

## बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण आज भी लोग डिजिटल इंडिया से हैं दूर

# कोरबा-रायगढ़ के सीमावर्ती दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों के अनेक गांवो में आज तक नहीं पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

आधुनिकता के इस दौर में जहां बिजली की जरूरत हर क्षेत्र में है। बिजली न हो तो कई काम प्रभावित हो जाते है। शहर व आ स पा स क्षेत्रों में कुछ घंटे के लिए बिजली की सप्लाई बंद हो जाती है तो ऐसा लगता है कि जीवन थम सा गया है। परंतु जो कई सालों से बिजली के अभाव में जीवन यापन कर रहे है उन पर क्या गुजरती होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। विकासखंड उदयपुर के कई ऐसे गांव है जहां आज तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी जिससे गांव के लोग इस आधुनिकता के दौर में भी ढिबरी युग में जीने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि गांव के लोगों ने बिजली की मांग नहीं की बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से ग्रामीण बिजली वहीन का दंश झेल रहे है।

**खास बातें**

- बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई के साथ खेती किसानी कार्य पर पड़ रहा असर
- बिजलीविहीन गांवो में जंगली जानवरों का खतरा

विकासखंड उदयपुर के 59 ग्राम पंचायत के दर्जनों गांव जो सरगुजा कोरबा ,रायगढ़, के सीमा वन क्षेत्र के गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। जिसका मुख्य कारण दुर्गम वन क्षेत्र के अलावा पहाड़ी और पहुंच विहीन गांव माना जाता है। कोरबा जिले से लगे पहुंच विहीन गांव परोगिया, सेदू, सुसकम, बकोई, झिगाझरिया वहीं रायगढ़ सीमा वन क्षेत्र से लगे गांव खामखुट, बट परगा, बजबरी, धावइ पानी, सितकालो सहित अन्य कई गांव आज भी बिजलीविहीन गांव हैं जहां के लोंगो के लिए बिजली की रौशनी एक सपना बना हुआ है। सभी गांव वर्षो से जंगलों के बीच बसा हुआ है जहां विशेष आदिवासी समाज के लोग भी निवाश करते हैं। इसके अलावा विकास खंड में अभी भी ऐसे दर्जनों गांव मजरा टोला हैं जहां कई जगह बिजली का विस्तार नहीं हो सका है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को इस आधुनिक युग में बिजली की समस्या परेशानी का सबब बना हुआ है। वन क्षेत्र में बिजली विस्तार करना वन विभाग का परमिशन भी बड़ा कारण माना जाता है। ग्राम पंचायत के आश्रित गांवों में आजादी के 76 साल बाद भी बिजली व्यवस्था नहीं पहुंच सकी है। ऐसे दर्जनों गांवों में जो वन क्षेत्र के अंतर्गत आते है और वहां निवासरत आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए गांव में बिजली पहुचना एक सपना सा हो गया है। वही केंद्र सरकार दीनदयाल उपाध्याय ज्योति योजना एवं राज्य सरकार मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना के तहत हर घर तक बिजली पहुंचाने की योजना थी और लाखों रुपये खर्च किया गया है लेकिन आज तक विकासखंड के वन क्षेत्र में दर्जनों गांवों के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल सका है। क्षेत्र के लोग लंबे समय से बिजली व्यवस्था की मांग कर रहे है। लेकिन बिजली के नाम पर कुछ ग्रामों में सौर ऊर्जा पैनल लगा कर बिजली का चलाऊ व्यवस्था बना कर छोड़ दिया गया है जो बादल छाए और बरसात के दिनों में लाइट नहीं जलती है। ऐसे में लोग अंधेरे में जंगलों के बीच रात गुजारने को विवश हैं।वहीं जिन गांवों में सौर ऊर्जा लाईट लगी है वहाँ की लाईट भी आये दिन खराब रहती है।कभी बैटरी खराब तो कभी पैनल खराब होने की शिकायत मिलती है। ग्रामीण आज भी आस लगाए बैठे है कि उन्हें सौर ऊर्जा व्यवस्था से मुक्ति मिले और अन्य ग्राम पंचायत की भांति उनके गांव में भी बिजली की व्यवस्था हो।



बिजली पहुंचविहीन ग्राम सुसकम।

**इन गांवों तक नहीं पहुंची बिजली**

विकासखंड उदयपुर के ग्राम पंचायत घाटबर्रा के आश्रित ग्राम सैदू, सुसकम, परोगिया, ग्राम पंचायत सितकलो के आश्रित ग्राम खामखुट, बटपरगा, मरैया पंचायत के धवई पानी, बजबहरी, सरईपारा,केंदमा, डूफाखार भूले पंचायत, झुंझ डाँड़,भेलवा डाँड़, काना डाँड़, भेलवा डाँड़, भकुरमा पंचायत, सोनबरसा, टीकरा पारा झिगाझरिया बकोइ पंचायत, कछुआ पारा पेडरखी, घुटरापारा, घोघरा पारा कुंमडेवा, राई चुवा, दर्री पारा, गुमगा, जंगल पारा फतेपुर, पंडो पारा बेल डाब, हरिजन पारा उपका, बनखेता पारा कवलगिरी,जाम डांड़ सहित अन्य गांव में बिजली नहीं है और गांव के लोग आज भी बिजली व्यवस्था के लिए टकटकी लगाए देख रहे हैं।

**सौर ऊर्जा लाईट के भरोसे कई गांव**

विकासखंड के ग्राम परोगिया, सैदु, सुसकम, खामखुट, बटपरगा, धवई पानी, बजबहरी सहित अन्य गांव में बिजली की सुविधा लम्बे समय में सौर ऊर्जा के लाइट के भरोसे संचालित है। गांवों में लगाए गए सौर ऊर्जा लाइट बादल छाने व बरसात होने पर काम करना बंद कर देता है। वहीं अन्य दिनों में भी लाइट रात में कुछ समय तक जलने के बाद बंद हो जाती है। ऐसे में सौर ऊर्जा की लाइट वाले इन गांवों के लोग काफी परेशान है।

**डिजिटल इंडिया से कोसों दूर**

बिजली नहीं होने से जहां पढ़ाई पर इसका विपरीत प्रभाव तो पड़ता ही है साथ ही सबसे ज्यादा प्रभाव केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया योजना पर भी पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से लोग कम्प्यूटर शिक्षा, समाचार देश दुनिया के खबरें से दूर रहते हैं। जबकि लोग सौर ऊर्जा से सिर्फ मोबाइल फोन चार्ज कर बात करते हैं।

**खेती किसानी कार्य हो रहा है प्रभावित**

बिजली नहीं होने से जंगली जानवरों से खतरा तो रहता ही है साथ ही खेती किसानी कार्य भी प्रभावित हो रहा हैं। इन गांवों में बिजली नहीं होने से लोगों के खेती किसानी कार्य में रोड़ा बना हुआ है। आज के दौर में किसान बिजली होने के कारण बोर के माध्यम से हर मौसम में खेती बाड़ी कर लाभ ले रहे है। लेकिन बिजली नहीं होने कारण किसानों का खेती प्रभावित हो रहा है।

**किया गया है सर्वे**

सैदु ,सुसकम, परोगिया का सर्वे कर लिया गया है।स्टीमेट बनाकर स्वीकृति हेतु विभाग को भेजा जायेगा। इसके अलावा अन्य जिस गांव में बिजली नहीं पहुँची हैं।उसका भी सर्वे करवा कर विभाग को प्राकल्पना भेजा जाएगा। दुर्गम वन एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बिजली विस्तार में दिक्कत होती है।

-राजेन्द प्रसाद राजवाड़े
जेई, उदयपुर

## सेजेस जयनगर में ड्रा निकालकर पूरी की गई प्रवेश प्रक्रिया

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में प्रवेश हेतु आज सुरजपुर एसडीएम की उपस्थिति में ड्रा निकालकर बच्चों के एडमिशन प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया। लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में सत्र 2024-2025 में कक्षा पहली के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से 5 मई तक आवेदन जमा कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई थी। इसके पश्चात आवेदन पत्र की जांच उपरांत 11 मई को पात्र-अपात्र की सूची तैयार करके जारी किया गया था, जिसमें 13 मई तक दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया था। 14 मई मंगलवार को सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा की उपस्थिति में ड्रा निकालकर बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। ज्ञात हो कि यहां पर कक्षा पहली में एडमिशन हेतु आवेदन फार्म 152



प्राप्त हुए थे, जिसमें से पात्रों की संख्या 126 तथा अपात्र की संख्या 26 रही। यहां पर निर्धारित सीट में 5 सीट महतारी दुलार योजना अंतर्गत महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों हेतु सुरक्षित रखकर शेष सभी सीट हेतु नौनिहाल बच्चों के हाथों ड्रा निकलवाया गया। ड्रा निकालने के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सुरजपुर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते, शासकीय आजाक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कलिस्ता अक्खड़, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष सैफुल्लाह, भाजपा नेता मो. इसराइल, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, सरपंच विजय सिंह, पंचायत सचिव सियाराम राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्र, नर्वदेश्वर सिंह, रोजगार सहायक किरण चन्द, भाजयुमो नेता शांतनु सिंह चौहान, साहिला बेगम, विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल उपस्थित थे।

**सीट बढ़ाने की हुई मांग**

कार्यक्रम में पहुंचे सुरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बच्चों के सीट बढ़ाने की मांग की गई। उनका कहना था कि यहां पर सीट कम होने की वजह से कई गरीब बच्चे एडमिशन नहीं ले पाते हैं। ऐसी स्थिति में यहां पर कम से कम 50 की बजाए 80 सीट का निर्धारण कराया जाए, जिससे इस विद्यालय का लाभ प्राप्त करने से वंचित होने वाले गरीब बच्चों को लाभ मिल सके।

## थाना व चौकी प्रभारियों को समय सीमा में अपराधों का निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में कानून व्यवस्था व लंबित अपराधों को लेकर एएसपी ऑप्स द्वारा थाना प्रभारी व पुलिसकर्मियों की बैठक ली गई। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी ऑप्स शैलेन्द्र पांडेय द्वारा थाना प्रभारी राजपुर, चौकी प्रभारी बरियों व विवेचकों की समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्रों में लंबित अपराध, मर्ग व शिकायतों की जानकारी लेते हुए जल्द जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। लंबित अपराध को लेकर एएसपी ने विवेचकों को फटकार लगाई और समय सीमा में अपराधों के निकाल करने व कार्रवाई की चेतावनी दी गई। वहीं



उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले विवेचकों की प्रशंसा की। इस दौरान थाना प्रभारी राजपुर सुधीर मिंज, चौकी प्रभारी बरियों सुभाष कुजूर के साथ थाना राजपुर व चौकी बरियों के सभी विवेचक उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी

**राजपुर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नए शिक्षा सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया लॉटरी पद्धति से पूर्ण की गई। जिला प्रशासन की मौजूदगी में लॉटरी निकालकर बच्चों को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। बता दें कि नए शिक्षा सत्र के लिए नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पक्ष पहली, दूसरी व सातवीं में प्रवेश के लिए आवेदन मंगवाए गए थे। सीट क्षमता से अधिक आवेदन आने पर प्रवेश की प्रक्रिया लॉटरी पद्धति से करने का निर्णय लिया गया। मंलगवार को एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, बीईओ आदित्य पाटनवार, एबीईओ जतरू राम नागदेव, स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार तिर्की व शिक्षकों की मौजूदगी में लॉटरी निकाली गई। इस दौरान कक्षा पहली में कुल 48 बच्चों को प्रवेश दिया गया। इनमें 12 बीपीएल, 17 बालिका, 19 अनारक्षित शामिल है। कक्षा दूसरी में कुल 5 सीट पर 2 बीपीएल व 3 अनारक्षित, कक्षा सातवीं में 5 सीटों पर 1 बीपीएल, 2 बालिका व 2 अनारक्षित को लॉटरी से एडमिशन दिया गया। प्राचार्य विजय तिर्की ने बताया कि में नवीन सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 1ली के 50 रिक्त सीट के लिए 59 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें से 54 आवेदन पात्र हुए। इसी प्रकार कक्षा 2री ,5वी ,7वी, 10 वी,11 वी, के लिए कुल मिलाकर 107 आवेदन प्राप्त हुए। सभी ऑनलाइन आवेदन 10 मई 2024 तक प्राप्त किए गए। पात्र अपात्र सूची जारी 11 मई, दावा आपत्ति 13 मई तक, कक्षा पहली से सातवीं के लिए लॉटरी से चयन 14 मई, कक्षा 10वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 14 मई, अंतिम चयन सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी है। चयन हो जाने की स्थिति में सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202405021700004/अ-21/2023-24

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त जायसवाल आ. फकीर राम जायसवाल, निवासी रामानुजगंज रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मुख्तारनामा आम वास्ते गीता पाण्डेय पति धनंजय पाण्डेय, निवासी ब्रम्ह रोड शीतला वार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम ठाकुरपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 705/10 रकबा 0.010 हे. भूमि व उस पर निर्मित मकान को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका उपमा सिंह पति उमेश सिंह, निवासी रिंग रोड नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग) को रू. 22,00,000/- (बाईस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/05/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय तहसीलदार बिहारपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
64 रा.प्र.क्र 202112261800058/अ-19 (2)/2021
दिनांक 03/05/2024

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा ग्राम बिहारपुर हितबध्द को सूचित किया जाता है, कि कलेक्टर महोदय, सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) का क्रमांक 1392 दिनांक 02/05/2017 में प्रस्तुत आवेदन पत्र के माध्यम से तहसील ओड़गी के ग्राम चांदनी बिहारपुर में विनोद कुमार स्व. रामजग साव बाल विघा मंदिर बिहारपुर तहसील ओडगी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा दुरूस्त क्षेत्र तहसील ओड़गी के ग्राम चांदनी बिहारपुर में पारा इमलीडाड में स्व. रामजग साव बाल विद्या मंदिर शिक्षण समिति द्वारा वर्ष 1994 से कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक छात्र छात्रायों का अध्यन कराया जा रहा है। विद्यालय के पास स्थित शासकीय भूमि को स्कूल खेल मैदान हेतु आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

एतएव ग्राम बिहारपुर स्थित भूमि ख.नं. 170 रकबा 7.22 हे. में से 0.60 हे. भूमि को स्कूल खेल मैदान एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु आबंटित किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में नोईयत परिर्वतन के संबंध में उत्तरवादी------------ ----- आ.----------------------- अथवा अन्य किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/05/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**बिहारपुर**

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
▪ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
▪ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
▪ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
▪ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
▪ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 26 मई 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. ( पल्मोनरी मेडिसीन )
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक-12 मई 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• गैस, उल्टी की समस्या
• भुख न लगना, पेट दर्द
• पीलिया, पित्त की समस्या
• पित्तशय एवं पित्तनली की पथरी
• खुन की उल्टी एवं पेट में पानी भरना
• सीने में जलन खाना एवं पानी का अटकना
• पेट के छाले एवं घाव और आंत में कैंसर
• सभी प्रकार के लिवर, पेनक्रियाज
• शराब जनित लिवर सेरोसित
• पित्त और आंत के स्पेशलिस्ट
गायत्री हॉस्पिटल
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 Emergency Services
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
• टी.बी. रोग फंगल इंफेक्शन
• पेट में गैस एवं एसीडीटी की समस्या
• एंडोस्कोपी व कोलोनास्कोपी की सुविधा
• क्रोनिक पेनक्रियटाइटिस
• पेट में भारीपन, जी मचलना
• पीलिया एवं हेपेटायटस की समस्या
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medivine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanshi
दिनांक 12 मई 2024, रविवार
समय सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड , ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा ), एनेमिया (खून की कमी )
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ ), टाईफॉइड , निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन )
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द ), कमर दर्द , UTI (पेशाब में जलन ), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द )
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना )
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप

### 10वीं सीबीएसई बोर्ड में माउंट लिट्रा का परिणाम रहा शतप्रतिशत





**अंबिकापुर।** जी लर्न के माउंट लर्न स्कूल के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 10 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय में अध्ययनरत भावी जैन ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि आंचल सिंह ने द्वितीय व योगेंद्र राजवाड़े ने तृतीय स्थान हासिल किया है। माउंट लिट्रा जी परिवार समस्त छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### सीटू जीएम यूनिट के बीरबल अध्यक्ष व शमीम सचिव हुए नियुक्त



**बिश्रामपुर।** कोयला श्रमिक संघ सीटू के क्षेत्रीय कार्यालय में ललन सोनी, जेपी पांडेय संरक्षक व क्षेत्रीय अध्यक्ष डीएस सोढी, क्षेत्रीय सचिव सुरेश पटेल की उपस्थिति में जीएम यूनिट बिश्रामपुर का सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए श्रमिक हितों में अपनी लड़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन की सदस्यता को बढ़ाते हुए भविष्य में क्षेत्र में नंबर वन का दर्जा हासिल करने प्रयास तेज करने की बात कही गई। यहां पर उपस्थित जन से श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की बात कही गई। सम्मेलन में संगठन के जीएम यूनिट के अध्यक्ष पद पर बीरबल राम व सचिव के रूप में मोहम्मद शमीम को चुना गया। जिस पर उपस्थित लोगों ने नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ते हुए संगठन को मजबूत करने की शुभकामना दी गई। इस दौरान विशेष रूप से जीएम यूनिट की ओर से इमानुएल टोप्पो, सनत कुमार, महेश्वर सिंह, प्रेमसाय, राजनाथ बखला, धीरेंद्र पटेल, इग्नासुस एक्का, देवी प्रसाद, अरुण पटेल, रामजीत पैकरा व अन्य उपस्थित थे।

### सुदामानगर में प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह



**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार प्रशासनिक टीम द्वारा ग्राम पंचायत सुदामानगर में दबिश देकर एक नाबालिग की शादी रुकवाई गई। ग्राम पंचायत सुदामानगर में गुप्त तरीके से बाल विवाह कराए जाने की सूचना मुखबिर से प्रशासनिक अधिकारियों को मिली। सूचना पर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजन को समझाइश दी गई, जिस पर परिजन विवाह नहीं करने की बात पर सहमत हो गए। टीम के अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम 2006 के अनुसार यदि कोई बाल विवाह करता है, अनुमति देता है, सहयोग करता है, या सम्मलित होता है तो उन सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़गांव में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पहाडगांव निवासी 25 वर्षीय रामचंद्र सिंह पिता समयलाल गोंड ने सोमवार की रात अज्ञात कारणों से घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रेत की पोखरी में रिसे पानी से बुझाई जा रही प्यास

# भीषण गर्मी में डेढ़ महीने से पेयजल समस्या से जूझ रहे रामानुजगंज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेत की पोखरी के भरोसे पिछले डेढ़ महीने से संचालित रामानुजगंज नगर पंचायत की पेयजल व्यवस्था की हालत लगातार बिगड़ते जा रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही अब पोखरी में रेत से रिसने वाले पानी की मात्रा लगातार घटते जा रही है जिसका प्रभाव आपूर्ति पर पड़ रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। मार्च महीने के अंत में कन्हर नदी का स्त्रोत सूखने के बाद से ही रामानुजगंज के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल आपूर्ति की कोई दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने एवं पानी के लिए पूरी तरह कन्हर नदी पर आश्रित होने के कारण हर साल गर्मी में इस तरह की समस्या निर्मित होती है। नगर पंचायत प्रबंधन हर साल कन्हर नदी के बीच जेसीबी से पोखरी तैयार कर रेत से रिसे पानी से नगरवासियों की प्यास बुझाने की कोशिश करता है। जल संकट की स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत ने पहली पोखरी का स्त्रोत सूखने के बाद एक पखवाड़े से अधिक समय से दूसरी पोखरी खोदकर लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश कर रहा है लेकिन अब दूसरी पोखरी भी जवाब देने की स्थिति में है। पिछले पांच-छह दिन से हर दिन तेज अंधड़ चलने के कारण पोखरी नदी की रेत से पट गई है वहीं पानी का रिसाव भी कम हो गया है। हालत यह है कि दूरस्थ वार्डों में बमुश्किल 30-40 फीसदी ही पानी पहुंच रहा है जिससे लोगों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जल स्तर नीचे खिसकने के बाद अब तेजी से हैण्डपंप सूख रहे हैं जिसके कारण दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नपं प्रबंधन के सामने भी नदी में दूसरी पोखरी खोदने या पोखरी के गहरीकरण के अतिरिक्त कोई दूसरा चारा नहीं बचा है। गर्मी के मौसम में हर साल उत्पन्न हो रहे भीषण जल संकट के निवारण हेतु शासन स्तर पर अब तक कोई कारगर पहल नहीं की गई है।

**खास बात**

- जलस्तर नीचे खिसकने के कारण दिनों दिन विकराल हो रही समस्या



रेत में खोदी गई पोखरी।

### जेनरेटर की कमी बड़ी समस्या

नगर पंचायत के पास अपना जेनरेटर नहीं होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने के दौरान नगर में पानी की आपूर्ति ठप रहती है। दशकों पुराना नपं का जेनरेटर वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है। विद्युत आपूर्ति ठप होने के दौरान नपं किराए के जेनरेटर से पानी की आपूर्ति करता है। कई बार किराए का जेनरेटर उपलब्ध नहीं हो पाता जिसके कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती। हर चार-पांच दिनों के अंतराल में ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाती तथा लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। लम्बे समय तक किराए का जेनरेटर लेने पर नपं को भारी-भरकम राशि किराए पर खर्च करना पड़ेगा इसलिए नपं विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर किराए का जेनरेटर खोजता है जिसके कारण परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर नपं टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति करता है।

### वर्षा के बाद ही मिलेगी राहत

अब वर्षा होने के बाद कन्हर नदी की धारा शुरू होने पर ही जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। 15 जून के बाद ही मानसून की वर्षा होती है। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान एक महीने तक रेत से रिसे पानी के दम पर नगर की पेयजल जरूरतों को पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिस गति से जलस्तर लगातार नीचे खिसक रहा है कभी भी जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। हालाकि नपं प्रबंधन हर परिस्थिति से जूझने के लिए स्वयं को तैयार रखने का दावा कर रहा है लेकिन भीषण गर्मी में बड़ी आबादी के लिए पेयजल की व्यवस्था करना इतना आसान भी नहीं है। वर्तमान में नपं पोखरी में रिसे पानी को हर 2-3 घंटे में लिफ्ट करता है जिसके कारण पानी को फिल्टर करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती तथा मटमैले पानी की आपूर्ति होने के कारण नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### कराएंगे डबरी का गहरीकरण

पानी की समस्या विकराल बनते जा रही है। अब रेत की डबरी में भी पानी का कम रिसाव हो रहा है। शीघ्र ही डबरी का गहरीकरण कराया जाएगा। शासन से लगातार जेनरेटर की मांग की जा रही है।

-रमन अग्रवाल
अध्यक्ष, नपं रामानुजगंज



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## रेलवे रैक से कोयला चोरी करते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भटगांव से करंजी के बीच चलने वाली रेलवे मालगाड़ी से कोयला चोरी कर रहे 4 युवकों को आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 टन कोयला जब्त किया गया है। आरपीएफ टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर एक ईंट भट्ठे से भी 15 बोरी कोयला बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

अंबिकापुर आरपीएफ पोस्ट थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि भटगांव साइडिंग से कोयला लोडकर करंजी से होकर बिश्रामपुर रेलमार्ग से मालगाड़ियों से कोल परिवहन किया जाता है। कोयला परिवहन करने वाली मालगाड़ियों से दिनदहाड़े कोयला चोरी की सूचना लगातार मिल रही थी। चंद रुपए की लालच में लोग रेलवे रैक पर चढ़कर कोयला नीचे फेंकने उपरांत उन्हें इकठ्ठा करके ईंट भट्ठों में बिक्री करते हैं। आरपीएफ पोस्ट थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार को भटगांव से करंजी के बीच निगरानी की जा रही थी, तभी 4 युवक चलती हुई रेल मालगाड़ी से कोयला उतारते पाए गए। उन्होंने बताया कि रेलवे रैक से कोयला चोरी करते आरोपी शिवमंगल, जगदीश, लक्ष्मन राजवाडे, भारत राजवाड़े को पकड़ा गया है। साथ ही पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर ईंट भट्ठा संचालक पिरोहित राजवाड़े के घर में भी दबिश देकर 15 बोरी रेलवे का कोयला जब्त किया गया। खदानों से मालगाड़ी के माध्यम से कोयला विभिन्न क्षेत्रों के लिए भेजा जाता है। रेलमार्ग में ग्रामीण कोयला लोड रैक पर चढ़कर कोयला उतारकर उसे 200 रुपए प्रति बोरी की दर से बिक्री करते हैं। जिससे रेलवे प्रबंधन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। मामले में आरपीएफ पुलिस द्वारा चारों आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

## श्री बाला सुंदरी पेट्रोल पंप के समीप दो कार में हुई भिड़ंत

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर शशिपुर स्थित श्री बाला सुंदरी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को दोपहर दो कार में आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि बसदेई चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगोटी निवासी प्रार्थी राजू कुमार गुप्ता मंगलवार की दोपहर में परिवार के साथ कार क्रमांक सीजी 29 एडी 6204 में अंबिकापुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने जा रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम पंचायत तेलईकछार शशिपुर में स्थित श्री बाला सुंदरी पेट्रोल पंप के समीप अंबिकापुर की ओर से परिवार सहित अपने घर जा रहे रामानुजनगर निवासी रौनक कुमार ने अपनी कार क्रमांक सीजी 29 एएफ 2368 को तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से कार को जबरदस्त टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि तो नहीं हुई है लेकिन दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रार्थी राजू कुमार गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक रामानुजनगर निवासी रौनक कुमार के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** प्रतापपुर के केवरा भैंसामुड़ा निवासी अमन कुमार राजवाड़े ने अप्रैल 2020 में नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान वह लगातार चार वर्षों तक नाबालिग से दुष्कर्म करता रहा और जब उसने शादी की बात की तो युवक ने शादी से इनकार कर दिया। नाबालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामले में जांच उपरान्त 24 वर्षीय अमन कुमार राजवाड़े को 376 (2) (ढ), पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसपी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल आवासीय कालोनियों सहित आसपास के रिहायशी क्षेत्र में पिछले दो महीने में लगातार बढ़ी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को ज्ञापन देकर आरोपियों पर ठोस कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे को दिए ज्ञापन में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर एसईसीएल आवासीय कालोनियों सहित आसपास के पंचायत क्षेत्रों में पिछले दो महीने में करीब 20 से अधिक घरों एवं दुकानों का ताला चोरों द्वारा तोड़ा गया है।

कई जगह चोरों को कुछ न मिलने पर सामानों का काफी नुकसान पहुंचाया गया है। पुलिस द्वारा कुछ मामलों पर अपराध दर्ज किया जाता है और बाकी मामलों पर शिकायत लेकर प्रार्थी को आश्वासन देकर थाने से वापस घर भेज दिया जाता है। यही वजह है कि इतनी चोरी की घटनाएं होने के बावजूद एफआईआर की संख्या तुलनात्मक काफी कम है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस की रात्रि गस्त भी ना के बराबर होने से चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे में पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। यही वजह है कि क्षेत्रवासी खुद को असुरक्षित एवं भयभीत महसूस कर रहे है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार इस दिशा में पुलिस यदि आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं करती है और चोरियों पर अंकुश नहीं लगता है तो भविष्य में क्षेत्रवासी आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में आश्वस्त किया गया है कि इस दिशा में जल्द ही उचित पहल की जाएगी।

## कलेक्टर रोहित व्यास बने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रोहित व्यास के निर्देशन एवं सीएमएचओ व सचिव इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ. आरएस सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत करते हुए जिलाधीश ने स्वयं आजीवन सदस्य की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही समय सीमा बैठक में जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवकों को सदस्य बनाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस ने बताया कि रेड क्रॉस मानवता स्वास्थ्य एवं सहायता के क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य कर रही है आपदा के समय रेड क्रॉस की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। सदस्य बनकर सेवा के कार्य में जोड़ने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में चल रहे रेड क्रॉस के कार्यों जैसे जिला चिकित्सालय में मरीजों के भोजन करने हेतु शेड निर्माण मरीजों के आवागमन हेतु एंबुलेंस की सुविधा एवं दो मुक्तांजलि शव वाहन, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण आर्थिक एवं कमजोर लोगों को इलाज हेतु आर्थिक सहायता रेड क्रॉस द्वारा चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बताया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डां. आरएस सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक डां. .प्रिंस जायसवाल, जिला संगठक संदीप गुप्ता, प्रभारी लक्ष्नधारी सिंह उपस्थित थे।



## हमर सुघ्घर ऑफिस के नाम से जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय के बेहतर संचालन एवं कार्यालय व्यवस्था को सुगम, सरल स्वच्छ व पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हमर सुघ्घर ऑफिस नाम से अभिनव पहल की जा रही है। जिसका उद्देश्य कार्यालय को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ लोगों एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय में न्यूनतम सुविधाओं का विकास, अधिकारी व कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण, कर्मचारी के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, कार्य क्षमता में वृद्धि और बेहतर सेवा के माध्यम से कार्यालय को आमजन के लिए अनुकूल बनाना है। हमर सुघ्घर ऑफिस के लिए निर्धारित मापदंड एवं अंक निर्धारण किया गया है जिसके तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यालय को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हमर सुघ्घर ऑफिस के अंतर्गत 15 से 24 मई तक कार्यालय का स्व मूल्यांकन, 25 मई से 30 जून तक कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का विकास, 1 से 10 जुलाई तक कार्यालय का अन्तर्विभागीय मूल्यांकन, 11 से 22 जुलाई तक अन्तर्विभागीय मूल्यांकन में बताई गई कमी को सुधारना, 22 से 31 जुलाई तक जिला स्तरीय मूल्यांकन किया जाना है। जिसकी उद्घोषणा एवं पुरस्कार वितरण 15 अगस्त को किया जाना है।

### मातृ दिवस पर मां की याद में लगाया पौधा

**बिश्रामपुर।** मदर्स डे के दिन दिवंगत मां की याद में युवक ने पौधा लगाकर उन्हें समर्पित किया है। पर्यावरण प्रेमी सैलेश चौबे ने बताया कि रिटायर्ड कॉलरी कर्मी शिवनन्दनपुर निवासी सुरेन्द तिवारी की पत्नी प्रभा तिवारी लंबे समय से किडनी रोग से ग्रसित थी ,पिछले दिनों उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। स्व.प्रभा तिवारी का छोटा पुत्र विवेक बीमार मां की सेवा करने उनके साथ रहता था। लंबी बीमारी के बाद पिछले दिनों उनका निधन हो जाने के बाद मदर्स डे के दिन पर्यावरण प्रेमी सैलेश चौबे की प्रेरणा से विवेक ने बिश्रामपुर डाकघर डीएवी स्कूल के चाहर दिवारी के समीप कदम का पौधा लगाकर मां क्रो समर्पित किया है ,साथ ही पौधा के सुरक्षा के लिए लोहे का ट्री गार्ड भी लगवाया गया और बड़ा होने तक उसके नियमित देखभाल के बात कही है। पर्यावरण प्रेमी सैलेश चौबे ने आमजनों से अपील की है कि विशेष अवसरों पर यादों को संजोने के लिए परिवार के साथ पर्यावरण हेतु साल में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।






### मोंटफॉर्ट स्कूल में 10वीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अम्बिकापुर।** सीबीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में शहर के प्रतिष्ठित स्कूल मोंट फॉर्ट का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में आयुष ठाकुर ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय के 10वीं के अन्य विद्यार्थी भी उत्कृष्ट अंकों के साथ बेहतर परिणाम लाए है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्रा आकांक्षा त्रिपाठी ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। साथ ही विद्यालय के वाणिज्य संकाय के अलावे अन्य संकाय के छात्र भी सीबीएसई 12वीं बोर्ड में बेहतर अंकों के साथ सफलता अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर शाजी जोसेफ ने बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




### तपेश्वर ने 10 वीं बोर्ड में हासिल किया प्रथम स्थान

**रजपुरी कला।** विकासखंड लखनपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूहपुटरा में दसवीं बोर्ड परीक्षा में तपेश्वर ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तपेश्वर के पिता गांव में मनरेगा मजदूरी सहित खेती किसानी करते हैं। तपेश्वर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया है। वहीं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पुहपटरा विद्यालय के कक्षा 12 वी कॉमर्स संकाय के छात्र नरेन्द्र कुमार राजवाड़े ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस सफलता का श्रेय उनके माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है वे आगे का पढाई करके सीए बनना चाहते हैं।










